पहले सारथी योजना के तहत हो रही थी भर्ती, अब बदलाव किया

हनुमानगढ़, राजस्थान रोडवेज प्रशासन ने बसों के संचालन के लिए परिचालक भर्ती की नई व्यवस्था की शुरुआत की है। अब सिविल डिफेंस के माध्यम से रोडवेज डिपो में परिचालकों की भर्ती की जाएगी। हनुमानगढ़ डिपो में वर्तमान में 60 परिचालकों की आवश्यकता है। अब जिला कलेक्टर के माध्यम से सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों को भर्ती किया जाएगा।

रोडवेज ने यह निर्णय रोडवेज के संचालन को सुचारू बनाने और यात्रियों को बेहतर सेवा देने के लिए लिया है। गौरतलब है कि रोडवेज प्रशासन ने अपनी भर्ती प्रक्रिया में बदलाव किया है। पहले रोडवेज द्वारा बस सारथी योजना के तहत चालक व परिचालकों की भर्ती की जाती थी, लेकिन अब शेष रिक्त पदों को सिविल डिफेंस के माध्यम से भरा जाएगा। ताकि रिक्त पदों के कारण बसों के रूट में कोई परेशानी ना आए। रोडवेज अधिकारियों के मुताबिक यह नियुक्ति प्रक्रिया कलेक्टर के नेतृत्व में पूरी की जाएगी।

विधायक व्यास ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

बीकानेर, । बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने रविवार को करमीसर क्षेत्र में गोल्डन गेट एकेडमी से विशला माता मंदिर तक और टिकूराम जी के घर तक और टिकूराम के घर से जाट श्मशान भूमि तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा की अनुपालना में इन सड़कों का निर्माण 106.65 लाख रुपए की लागत से करवाया जाएगा। इस अवसर पर विधायक व्यास ने कहा कि शहरी क्षेत्र में सभी आधारभूत सुविधाओं का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सड़क बनने से स्थानीय नागरिकों के लिए आवागमन सुलभ होगा। विधायक ने निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समयबद्ध करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मौजूद सरकार के पहले पूर्ण बजट में शहर को बीकानेर विकास प्राधिकरण की सौगात मिली। अब 19 फरवरी को अगले वित्तीय वर्ष का बजट आ रहा है। इसमें भी अधिक से अधिक सौगातें दिलाने का प्रयास होगा। इस दौरान उन्होंने विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में बताया और कहा कि आमजन की समस्याओं को सुनने और इनके समयबद्ध निस्तारण के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सतत रूप से जारी रहेगा। उन्होंने अब तक आयोजित रोजगार मेलों और हाल ही में आयोजित संभाग स्तरीय आरोग्य मेले के बारे में बताया और कहा कि पहली बार शहरी क्षेत्र में ऐसे आयोजन किए जा रहे हैं। इस दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक का सम्मान किया। इस दौरान दिनेश चौहान, हेमाराम जाट, केशुराम नायक, भंवराराम, पेमाराम, मघाराम जाट, श्रवण भार्गव, अमेदाराम, भैराराम और पूनमचंद मेघवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

तकनीकी पर प्राप्त करेंगे प्रशिक्षण : बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में राजस्थान कृषक कौशल एवं क्षमता संवर्द्धन के लिए प्रगतिशील युवा कृषकों को विभिन्न राज्यों में कृषि एवं पशुपालन के नवीन तकनीक के प्रशिक्षण हेतु भिजवाये जाने की घोषणा की गई थी। इसकी अनुपालना में कृषि विभाग द्वारा आत्मा परियोजना अन्तर्गत कृषि भवन से 40 युवा प्रगतिशील कृषकों के दल को 7 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु साइना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसा के लिए रविवार को रवाना किया गया। इसे संयुक्त निदेशक कृषि मदनलाल, उपनिदेशक आत्मा परियोजना ममता, सहायक निदेशक कृषि राजूराम डोगीवाल व कृषि पर्यवेक्षक संघ के अध्यक्ष मालाराम जाट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि अधिकारी (उद्यान) मुकेश गहलोत ने बताया कि जिले में मशरूम उत्पादन की व्यापक सम्भावना के मध्यनजर आत्मा परियोजना अन्तर्गत मशरूम उत्पादन तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।

तानाशाही के खिलाफ दिया धरना

बीकानेर, राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाइज यूनियन एटक बीकानेर शाखा की ओर से रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को लेकर तीन फरवरी को रोडवेज प्रशासन को दिये ज्ञापन पर कोई कार्यवाही नही करने पर एटक के बैनर तले रोडवेज कर्मचारियो ने केन्द्रिय बस स्टेण्ड पर प्रदशन कर धरना दिया शाखा सचिव सार्दूल कुमार ने बताया कि यूनियन द्वारा शुरू किया गया धरना रोडवेज प्रशासन द्वारा मांगे नही माने जाने तक जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन क्षेत्रीय अध्यक्ष श्यामदीन भुट्टो, शाखा अध्यक्ष रोशन अली पडियार, व शाखा सचिव सार्दूल कुमार चारणा शाखा के साथ तेजपाल गुलाब सिह, राम स्वरूप ज्याणी मो साबिर, डूंगर दान, रामदेव मेघवाल सुभाष्ज्ञ डेलू, भंवर लाल साध, मोहम्मद सलीम भुट्टो व व अन्य कामरेड साथी उपस्थित रहे धरने पर कामरेड अब्दुल रहमान महासचिव जिला एटक, जीत सिह भाटी, रामनिवास खिलेरी, अमित पांडे और मोहन राम गोदारा, आदि साथियो ने धरने मे प्रदर्शन में उपस्थित होकर अपने विचार रखे सभी साथियो ने एक राय होकर जब तक प्रशासन अपनी हठधर्मिता को छोडकर संगठन के साथ वार्ता नही करता है।

सरोज भाटी की पुस्तक 'सनातन सार सहस्त्र धार' का विमोचन

बीकानेर, । मुक्ति संस्था, सूर्य प्रकाशन मंदिर और शब्दरंग के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती सरोज भाटी द्वारा रचित हिन्दी दोहों की पुस्तक 'सनातन सार सहस्त्र धार' का लोकार्पण शनिवार को होटल राजमहल में किया गया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद-आलोचक डॉ. अन्नाराम शर्मा ने की। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. उमाकांत गुप्त थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजभाषा संपर्क अधिकारी श्री हरिशंकर आचार्य एवं व्यंग्यकार-संपादक डॉ.अजय जोशी रहे। स्वागताध्यक्ष कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी थे।

जोशी ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि श्रीमती सरोज भाटी की पुस्तक 'सनातन सार सहस्त्र धार' अद्वितीय और अर्थपूर्ण कृति है। यह सनातन के मूल्यों और सिद्धांतों को नए और रोचक तरीके से प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझने और उसका रसस्वादन करने में मदद करती है। अध्यक्षता करते हुए डॉ. अन्नाराम शर्मा ने कहा कि सरोज भाटी की पुस्तक हिंदी साहित्य की समृद्धि में योगदान देती है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करती है। उन्होंने कहा कि यह सनातन और उसके लोक सामर्थ्य की ओर ले जाने वाली पुस्तक है। आज के दौर में सनातन के सार को सारगर्भित रूप से समाज के सामने केवल साहित्यकार-कलाकार ही ला सकता है। संवेदनशील व्यक्ति ही समाज को सही अर्थों में सनातन के सार से जोड़ सकता है। साहित्यकार श्रीमती सरोज भाटी इसमें सफल हुई है।

मुख्य अतिथि डॉ. उमाकांत गुप्त ने कहा कि यह पुस्तक सनातन के मूल्यों और सिद्धांतों को नए दृष्टिकोण से देखने में मदद करती है। प्रसिद्ध धर्म ग्रंथों को सरल और सहज तरीके से प्रस्तुत कर श्रीमती भाटी ने समाज को बेहतरीन पुस्तक दी है। विशिष्ट अतिथि हरिशंकर आचार्य ने कहा कि 'सनातन सार सहस्त्र धार' अर्थपूर्ण कृति है। आज के दौर में युवाओं को सनातन संस्कार से जोड़ने में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण साबित होगी।डॉ. अजय जोशी ने कहा कि हमारे ऋषि मुनियों की सदियों की साधना को सरल और पठनीय रूप से प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में ऐसी पुस्तकों की जरूरत है।इससे पूर्व अतिथियों ने पुस्तक का विमोचन किया। श्रीमती सरोज भाटी ने पुस्तक की सृजन यात्रा के बारे में बताया और पुस्तक के अंशों का वाचन किया। इस दौरान डॉ. रेणुका व्यास नीलम, डॉ. समीक्षा व्यास, श्रीमती नीतू बिस्सा और डॉ. प्रशांत बिस्सा ने पुस्तक पर अपनी टिप्पणी की। गीतकार राजाराम स्वर्णकार ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति प्रकाश रंगा ने किया। इस अवसर पर तीनों संस्थानों की ओर से लेखिका सरोज भाटी को 'शब्द शिरोमणि' सम्मान अर्पित किया गया। अतिथियों ने श्रीमती भाटी का अभिनंदन करते हुए उन्हें शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान अनेक संस्थाओं की ओर भी से श्रीमती सरोज भाटी का अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम में डॉ. एस. एन. हर्ष, डॉ. बसंती हर्ष, कमल रंगा, के.के.शर्मा, अखिलानंद, एड. महेंद्र, मोहम्मद फारूक, जुगल किशोर पुरोहित, बी.एल.नवीन, अब्दुल शकूर सिसोदिया, प्रो. बृजमोहन खत्री, डॉ. गौरी शंकर, पूर्णचंद राखेचा, ताराचंद, कीर्ति, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में अब 23 तक कर सकेंगे आवेदन

बीकानेर, । मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न प्रोफेशनल कोर्सेज एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों के माध्यम से उत्कृष्ट रूप से कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार अधिकतम विद्यार्थियों को इससे लाभान्वित करने की दृष्टि से राज्य सरकार द्वारा योजना को और बेहतर तरीके से लागू किया जा रहा है। इस दृष्टि से जिले में मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन की तिथि को 23 फरवरी तक बढ़ाया गया है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पवार ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स एवं नौकरियों के लिए 30 हजार सीटों पर वरीयताअनुसार प्रवेश दिए जाने के लिए अभ्यर्थियों से वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजनान्तर्गत पात्र अभ्यर्थी द्वारा कोचिंग किए जाने के लिए अपने आवेदन एसएसओ पोर्टल द्वारा विभागीय एसजेएमएस एसएमएस एप के माध्यम से ऑनलाईन किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा, आरपीएससी द्वारा आयोजित आरएएस एवं अधीनस्थ सेवा संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, सब इंस्पेक्टर, पूर्व में 3600 ग्रेड पे तथा वर्तमान पर मेट्रिक्स पे-लेवल 10 की अन्य परीक्षाएं, रीट परीक्षा, आरएसएसबी द्वारा आयोजित पटवारी, कनिष्ठ सहायक व समकक्ष अन्य परीक्षा, कान्सटेबल परीक्षा, बैंकिंग एवं बीमा के विभिन्न परीक्षाएं, इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा, क्लेट, रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, यूपीएससी द्वारा आयोजित कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज, स्टाफ सिलेक्शन कमिश्नर द्वारा आयोजित परीक्षाएं सीडीएस एवं एसएससी, सीयूईटी आदि परीक्षाओं की तैयारी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से कराई जाती है।

संयुक्त निदेशक ने बताया कि योजनान्तर्गत आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, अति पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, आर्थिक पिछडा वर्ग एवं विशेष योग्यजन श्रेणी का सदस्य हो तथा राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राएं, जिनके परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपए प्रतिवर्ष से कम हो या जिनके माता-पिता राज्य सरकार के कार्मिक होने पर पे-मैट्रिक्स का लेवल-11 तक का वेतन प्राप्त कर रहे हों, योजना के नियमानुसार पात्र होंगे। अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में संचालित अनुप्रति योजना का लाभ नहीं लिया गया हो। यदि कोई अभ्यर्थी केन्द्र, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम, आयोग, बोर्ड व अन्य किसी शासकीय निकाय में नियमित राजकीय कार्मिक के रूप कार्य करने वाले अभ्यर्थी कोचिंग योजनान्तर्गत पात्र नहीं होगा।

19वां महान गुरमत सालाना समागम

श्रीगंगानगर, बॉर्डर पर स्थित गांव 18 एफ। यहां बना है गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब। इस गुरुद्वारे को शादियां वाला गुरुद्वारा भी कहा जाता है। कारण-पिछले 19 वर्षों से हजारों जरूरतमंद बेटियों की शादी इस गुरुद्वारे में हो चुकी है। खास बात यह है कि इस आायेजन के लिए गांव में 5 दिन मेला भी लगता है। जिसमें आसपास के गांवों के अलावा देश-विदेश से भी सेवादार सेवा करने आते है। इस बार 19वें महान गुरमत सालाना समागम का आयोजन 11 से 15 मार्च तक होगा। खास बात है कि 15 मार्च को 101 जरूरतमंद बेटियों की शादी का समारोह होगा। इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। समागम में सबसे पहले 11 मार्च को सुबह 7 बजे नगर कीर्तन निकला जाएगा। यह जानकारी शनिवार को संत रत्न अवार्ड प्राप्त गुरपाल सिंह ने दी। इस दौरान समागम के पोस्टर का विधिवत रूप से विमोचन किया गया। उन्होंने बताया कि मन्दर सिंह मैणां की याद में हर साल की तरह इस बार भी 12 को 9वां नेशनल स्टाइल कबड्डी कप का आयोजन होगा।

ईसीबी में प्रोबल्म सॉल्विंग एवं इनोवेशन विद मशीन लर्निंग विषय पर प्रशिक्षण शुरू

बीकानेर, प्रॉब्लम सॉल्विंग एवं इनोवेशन विद मशीन लर्निंग प्रोग्राम का शुभारंभ आज हुआ। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर करण नाहटा एवं अथर्व पटेल ने शिक्षकों डा जितेंद्र जैन एवं श्री अरविंद के मार्गदर्शन में समस्त लर्निंग मॉड्यूल को व्यवस्थित करते हुए छात्रों के लिए लगभग महीने भर चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। सैंतालीस छात्रों ने प्रशिक्षण हेतु रजिस्ट्रेशन करवाया है। ईसीबी के विभिन्न विभागों के अतिरिक्त राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, बीटीयू तथा सीईटी के छात्र भी प्रशिक्षण सत्र में भाग ले रहे हैं।

उदघाटन सत्र में लगभग पचास विद्यार्थी एवं शिक्षक मौजूद रहे। प्रशिक्षण सत्र के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश जाखड़ एवं अध्यक्षता इलेक्ट्रोनिक इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती पूजा भारद्वाज ने की।

उदघाटन सत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए इनोवेशन सेल के प्रेसिडेंट राहुल राज चौधरी ने मशीन लर्निंग तथा एआई तकनीक की बढ़ती हुई मांग के अनुसार कौशल विकास की जरूरतों को बताया तथा छात्रों को ए आई तथा मशीन लर्निंग आधारित सोल्यूशन तथा नए उत्पाद विकसित कर सकने में दक्षता हासिल करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण सत्र में सामान्य समस्याओं के लिए मशीन लर्निंग की विभिन्न एल्गोरिथम के प्रयोग से लेकर नए उत्पाद को उपलब्ध डाटा के अनुसार ट्रेन किए जाने के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण मिल सकेगा।

इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के शिक्षक हरजीत सिंह ने उद्योगों में इंजिनियर्स की मांग अनुसार आपूर्ति में कमी को रेखांकित करते हुए छात्रों को औद्योगिक मांग के अनुसार प्रशिक्षण में अधिकाधिक ज्ञानार्जन एवं समर्पित भाव से अधिक कौशल विकास पर बल देने की जरूरत बताई। मुख्य अतिथि प्राचार्य डा ओपी जाखड़ ने बीकानेर के छोटी काशी के रूप में शिक्षा के केंद्र का गौरव वापिस हासिल करने का आव्हान किया। इंजीनियरिंग के प्रत्येक क्षेत्र में प्रशिक्षित छात्रों की उपलब्धता बीकानेर को टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित कर सकती है जिसे पूरा करने का माद्दा ईसीबी के छात्रों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों में है। छात्रों को मन लगाकर एआई, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, वीएलएसआई इत्यादि नए क्षेत्रों में प्रशिक्षित हो कर उद्योगों को बीकानेर आकर्षित कर सकने में सक्षम हो कर प्रशिक्षण सत्र सही अर्थों में सफल बनाने के लिए कहा।

कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती पूजा भारद्वाज ने विभाग में संचालित प्रोडक्ट डेवलपमेंट लैब, ऑटोमेशन तथा अन्य आधुनिक टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षण का लाभ लेने के लिए अधिकाधिक छात्रों को आमंत्रित किया। श्रीमती पूजा ने सभी छात्रों तथा शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। छात्र कोऑर्डिनेटर करण नाहटा, अथर्व पटेल, तरुण इत्यादि के प्रयासों के लिए धन्यवाद किया।

बस-टेम्पो की टक्कर के बाद बवाल

हनुमानगढ़, जिला मुख्यालय स्थित खुंजा के पास श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ मुख्य सड़क पर बस और टेम्पो के बीच हल्की टक्कर हो गई। रविवार को हुए इस हादसे में गनीमत रही कि इस टक्कर में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, क्योंकि बस की रफ्तार कम थी, जिसके कारण टेम्पो ड्राइवर गंभीर रूप से घायल होने से बच गया।

जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब श्रीगंगानगर से हनुमानगढ़ की तरफ़ जा रही लोक परिवहन की बस ने खुंजा के पास बने कट पर एक टेम्पो को टक्कर मार दी। टेम्पो ड्राइवर हरीश टेम्पो लेकर कट से मुड़ते हुए जा रहा था, तभी अचानक बस ने टक्कर मार दी। टक्कर से टेम्पो में हल्की क्षति पहुंची, लेकिन ड्राइवर की सतर्कता और बस की धीमी रफ्तार ने उसे बड़ी दुर्घटना से बचा लिया। टक्कर के बाद आक्रोशित राहगीरों और आस-पास के लोगों ने बस पर हमला बोल दिया। गुस्साए लोगों ने बस के शीशे तोड़ डाले और बस के टायरों की हवा भी निकाल दी। इस पूरे घटनाक्रम में लोग काफी उत्तेजित हो गए।